# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

# सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 31.10.2025

**1. थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा 75.57 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाला 01 वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

**कार्यवाही/ घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 19.03.2024 को अभियुक्त द्वारा धोखाधड़ी कर वादी से मोबाइल फोन पर वार्ता कर ।TGS के माध्यम से वादी के खाते से 75.57 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे, जिसके संबंध में वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना बीटा-2 पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना बीटा-2 द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई तो अभियुक्त गणेश सूर्यकान्त ओटी का नाम प्रकाश में आया था, जिसे **दिनांक 31.10.2025** को पुणे महाराष्ट्र से **गिरफ्तार** कर ट्राजिन्ट रिमाण्ड पर लाया गया है। वादी के करीब 47 लाख रुपये वापस करा दिए गए है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**
गणेश सूर्यकान्त ओटी पुत्र सूर्यकांत निवासी राजूरी पुणे, महाराष्ट्र।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**
मु0अ0सं0- 104/2024 धारा 420/467/468/471 भादवि, थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

**2. थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र रखकर दुपहिया वाहन चोरी की घटना करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध चाकू व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **31.10.2025** को **थाना सेक्टर-24 पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से अवैध शस्त्र रखकर दुपहिया वाहन चोरी की घटना करने वाला एक अभियुक्त विकास पुत्र रामचन्द्र को मदर डेयरी सेक्टर-11 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध

चाकू व चोरी की मोटरसाइकिल यामाहा आर-वन फाईव ब्लैक कलर रजि0 नं0 डीएल 7 एस.बी.जी 5781 बरामद की गयी है।

## अभियुक्त का विवरण--

विकास पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम चौड़ा, सेक्टर-22, थाना सेक्टर-24, नोएडा उम्र करीब 21 वर्ष।

## पंजीकृत अभियोग का विवरण--

मु0अ0सं0 481/2025 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-24, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1.एक अवैध चाकू

2.चोरी की एक मोटरसाइकिल यामाहा आर-वन फाईव रजि0 नं0 डीएल 7 एस.बी.जी 5781